Jagran

2,500 members registered for Army recruitment

जागरण संवाददाता, मंडी : 9 से 15 नवंबर तक बिलासपुर के लुहणू मैदान में होने वाली सेना भर्ती रैली के लिए अभी तक 2500 युवाओं ने ऑनलाइन पंजीकरण करवाया है। पंजीकरण 25 अक्टूबर तक होंगे। मंडी, कुल्लू व लाहुल-स्पीति जिलों के युवाओं की भारतीय सेना में भर्ती की जाएगी।

सेना भर्ती कार्यालय मंडी के निदेशक कर्नल अमरजीत वासदेव ने बताया कि भर्ती के लिए सिर्फ ऑनलाइन आवेदन ही आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन के दौरान अधिकतर युवाओं से गलतियां हो रही हैं। गलतियों को सुधारने के लिए सेना भर्ती कार्यालय मंडी में युवा आ सकते हैं। इसके लिए युवाओं को एक प्रार्थना पत्र लिखना होगा, जिसे अपनी पंचायत के प्रधान या किसी अन्य प्रतिनिधि से साइन करवाकर लाना होगा। उसके बाद मंडी कार्यालय से ऑनलाइन आवेदन में हुई गलतियों को सुधारा जाएगा। कर्नल वासदेव ने बताया कि 26 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच एडमिट कार्ड सेना की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकेंगे। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि सेना में भर्ती करवाने के नाम पर पैसा ऐंठने वालों के झांसे में न आएं। सेना में सिर्फ काबलियत के आधार पर भर्ती होती है।